आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 25.08.2026 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और जमाखोरी के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त। सभी जिलों में चलाया जा रहा एक सप्ताह का विशेष जांच अभियान।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्ताव पर केंद्र ने देहरादून के डिफेंस कॉलोनी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की व्यवहार्यता जांच शुरू की।
- हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन की तैयारियां तेज, 57 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं को मंजूरी।
- चम्पावत जिले में भारत–नेपाल सीमा पर मानव तस्करी और बाल अपराध की रोकथाम के लिए चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया।

**जांच अभियान**

प्रदेश में त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट और जमाखोरी के खिलाफ राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सभी जिलों में एक सप्ताह का विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। मंडलायुक्तों को अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी क्रम में कल प्रदेश के हर जिले में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन और खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीमों ने विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इसके अलावा एक्सपायरी और खराब खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया, जबकि कई दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर से बताया कि टीमें खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के साथ ही चीनी की जमाखोरी और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग की बारीकी से जांच भी कर रही है।

**आरओबी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देहरादून के डिफेंस कॉलोनी मोटर मार्ग पर किलोमीटर–एक स्थित रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज–आरओबी निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आरओबी निर्माण की व्यवहार्यता जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून की बढ़ती यातायात आवश्यकताओं और आमजन की सुविधा को देखते हुए इस रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण का विषय केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष रखा था। केंद्र सरकार द्वारा इस प्रस्ताव की व्यवहार्यता जांच शुरू किए जाने से क्षेत्रवासियों को रेलवे क्रॉसिंग पर आवागमन की सुविधा और यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में सकारात्मक उम्मीद जगी है।

## ऑपरेशन सद्भावना

ऑपरेशन सद्भावना के तहत राष्ट्रीय एकता यात्रा पर आए सीमावर्ती कुमाऊं क्षेत्र के विद्यार्थियों ने लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। इस यात्रा का आयोजन 101 फील्ड रेजिमेंट ने 119 स्वतंत्र इन्फैंट्री ब्रिगेड के तत्वावधान में किया है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को यात्रा के अनुभवों को सहेजने और प्रतिदिन की नई जानकारियां नोटबुक में लिखने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ उन्हें हासिल करने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने से इन क्षेत्रों की संभावनाएं देश–दुनिया के सामने आई हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति और क्षेत्र की विशिष्टताओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ यात्रा के अनुभव साझा किए। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण संस्थानों का भ्रमण कराने, प्रेरणादायी व्यक्तित्वों से संवाद का अवसर प्रदान करने तथा राष्ट्र और उसकी विविध विरासत की व्यापक समझ विकसित करना है।

## ई–पत्रिका वेबसाइट

अर्थ एवं संख्या निदेशालय के निदेशक सुशील कुमार और वरिष्ठ निदेशक, एनआईसी, हिमांशु कुमार ने देहरादून स्थित निदेशालय में जिला स्तरीय सांख्यिकीय ई–पत्रिका सॉफ्टवेयर–वेबसाइट का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से अब जिला स्तर पर प्रकाशित की जाने वाली सांख्यिकीय पत्रिका को अधिक सुगमता और तकनीकी दक्षता के साथ तैयार कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे विभिन्न विभागों और जिलों से प्राप्त सांख्यिकीय सूचनाओं के संकलन व प्रकाशन की प्रक्रिया को भी अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा। ई–पत्रिका में जनगणना, जनसंख्या, भूमि उपयोग, पशुपालन, उद्योग, स्वास्थ्य, विद्युत, परिवहन, वित्त और पंचायत सहित विभिन्न क्षेत्रों के आंकड़े उपलब्ध होंगे। इस पहल से अधिकारियों, शोधकर्ताओं, संस्थानों और आमजन को जिलेवार सांख्यिकीय सूचनाएं डिजिटल माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

## कुंभ तैयारी

हरिद्वार में कुंभ मेला–2027 के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति की बैठक में कुंभ क्षेत्र से जुड़ी 57 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 27 स्थायी और अस्थायी योजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें संपर्क मार्गों का सुधार, घाटों का निर्माण और अनुरक्षण, अस्थायी पैदल पुल, बस अड्डे और पार्किंग, साइनेज, टेंट सिटी तथा पुलिस और अग्निशमन कर्मियों के लिए बैरक निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। मंडलायुक्त ने सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने कुंभ क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता भी परखी। उन्होंने कहा कि कुंभ शुरू होने से पहले सभी परियोजनाएं हर हाल में पूरी की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## भारत–नेपाल चेकिंग अभियान

चम्पावत जिले के भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र में मानव तस्करी, बाल अपराध और बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए पुलिस, एसएसबी और स्वयंसेवी संस्थाओं ने संयुक्त चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देश पर चलाए गए अभियान में सीमा क्षेत्र के लोगों को बाल श्रम, साइबर अपराध, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने और चाइल्ड हेल्पलाइन 1–0–9–8, पुलिस 1–1–2, एम्बुलेंस 1–0–8 तथा साइबर हेल्पलाइन 1–9–3–0 जैसी आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

**झाड़ी कटान**

पौड़ी जिला प्रशासन की ओर से जिले की कई ग्राम पंचायतों को वितरित की गईं झाड़ी काटने की मशीनों से ग्रामीण, गांवों और संपर्क मार्गों के किनारे उगी झाड़ियों की नियमित कटाई कर रहे हैं। इससे जहां गांवों में साफ–सफाई के साथ आवागमन सुगम हो रहा है, वहीं समय और श्रम की बचत भी हो रही है। ग्रामीण दिनेश खत्री ने कहा कि झाड़ियों की समय–समय पर कटाई होने से गांव स्वच्छ रहेगा और झाड़ियों में जंगली जानवरों के छिपे होने का खतरा भी कम होगा। उन्होंने मशीन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी का आभार जताया।